दिनांक 04–04–2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ की महिला प्रकोष्ठ की छात्राओं को कैरियर एवं रोज़गार के लिए जाग्रत करने के उद्देश्य से एन.एस.आई.सी., नीमका भ्रमण करवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास हेतु समय–समय पर अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं जाऐंगे। इसी श्रृंखला में यह भ्रमण आयोजित किया गया। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. रेणु माहेश्वरी एवं डॉ. गीता गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थी एन.एस.आई.सी., नीमका गये। वहाँ पर उन्होंने लघु उद्योगों के बारे में विस्तृत जानकारियाँ प्राप्त की और लाभान्वित हुये। छात्राओं ने एन.एस.आई.सी. में कैरियर संबंधी कार्यशाला में भी भाग लिया जिसमें बताया कि कला संकाय के भी विद्यार्थी तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में भाग लेकर अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाकर अनेकानेक सरकारी नौकरियाँ प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ–साथ छात्राओं ने बिस्किट, चिप्स, सॉक्स इत्यादि अनेकानेक लघु उद्योगों के बारे में विस्तार से तकनीकी जानकारी प्राप्त की ताकि स्व रोज़गार में आगे बढ़ें। इस भ्रमण में महाविद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया।